## डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक :सम्ब / 1812 /2026 दिनांक : 18 / 08 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक / सचिव,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।

विषयः—15 दिवसीय "तिरंगा यात्रा" आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई—3303 / 3—जी०एस० / 2025 दिनांक अगस्त, 2026 के क्रम में अवगत कराना है कि माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान की भावना को बढ़ावा देने हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में 15 दिवसीय **"तिरंगा यात्रा"** का आयोजन किया जाना है।

अतः महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रभात फेरी / तिरंगा यात्रा आयोजित करते हुए शिक्षकगण, कर्मचारी, एन०सी०सी०, एन०एस०एस० एवं अधिकाधिक छात्र—छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीत, स्लोगन, भाषण एवं स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएं। साथ ही, प्रतिदिन आयोजित कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स, वीडियो एवं दैनिक प्रगति की सूचना सुरक्षित रखी जाए तथा विश्वविद्यालय का मेल आई0डी0 dswdbrau@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिकता के आधार पर गरिमामय एवं प्रभावी ढंग से किया जाए।

संलग्नकः—राज्यपाल सचिवालय के पत्र में अंकित दिशा—निर्देश संलग्न हैं।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त क्रम में क्षेत्रान्तर्गत समस्त राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों को अपने स्तर से भी अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रो० बी०एल० शर्मा, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण), एस०एल०एस० संस्थान, आगरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संकलित दैनिक प्रगति की सूचना राज्यपाल सचिवालय के ई—मेल पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी कुलपति सचिवालय—मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. गार्ड फाइल।गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisviett

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

लखनऊ–226027

संख्याःई– 5503 /32–जी.एस./2025

दिनांकः 18 अगस्त, 2026

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार आपको अवगत कराना है कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया जाना है।

2. यह आयोजन राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रतिदिन निरंतर 15 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इस यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु कृपया निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें :–

2.1 विश्वविद्यालय/संस्थान परिसर तथा आसपास के निर्धारित क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रभात फेरी/तिरंगा यात्रा का आयोजन समयबद्ध तरीके से किया जाए।

2.2 इस 15 दिवसीय यात्रा में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. (NCC), एन.एस.एस. (NSS) एवं अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

2.3 विश्वविद्यालय/संस्थान अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी अपने–अपने परिसरों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें।

2.4 यात्रा के समय प्रतिदिन देशभक्ति गीतों, स्लोगन लेखन, भाषण एवं स्वच्छता अभियानों जैसे प्रेरक कार्यक्रमों को भी जोड़ा जाए।

3. अतएव इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियो तथा दैनिक प्रगति की सूचना इस सचिवालय के ई–मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः आपसे अपेक्षा है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम को गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )

संख्या-1380(1) /सत्तर-1-2026, तद्दिनांक

प्रतिलिपि-अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया निजी विश्वविद्यालयों से समन्वय करते हुए समेकित सूचना आज ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)

संयुक्त सचिव

सेवा में,
... / राज्य नोडल अधिकारी,

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

लखनऊ–226027

संख्याःई– 5503 /32–जी.एस. /2025

दिनांक: 13 अगस्त, 2026

ई–मेल
आ. कार्यवाही हेतु
DSW / AR (Affi.) / (001/...)

प्रेषक:

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

18/8/26
कुलसचिव

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार आपको अवगत कराना है कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया जाना है।

2. यह आयोजन राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान में प्रतिदिन निरंतर 15 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इस यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु कृपया निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें :–

2.1 विश्वविद्यालय / संस्थान परिसर तथा आसपास के निर्धारित क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रभात फेरी / तिरंगा यात्रा का आयोजन समयबद्ध तरीके से किया जाए।

2.2 इस 15 दिवसीय यात्रा में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. (NCC), एन.एस.एस. (NSS) एवं अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

2.3 विश्वविद्यालय / संस्थान अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी अपने–अपने परिसरों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें।

2.4 यात्रा के समय प्रतिदिन देशभक्ति गीतों, स्लोगन लेखन, भाषण एवं स्वच्छता अभियानों जैसे प्रेरक कार्यक्रमों को भी जोड़ा जाए।

3. अतएव इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियो तथा दैनिक प्रगति की सूचना इस सचिवालय के ई–मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः आपसे अपेक्षा है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम को गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर करने का कष्ट करें।

भवदीय,

13/8/26

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )

08/26.